प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान
इंदिरा ब्रिज के पास, भाट गांव, जिला गांधीनगर - 382428

विज्ञापन संख्या – 11/2024

रिसर्च एसोसिएट के पद के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान (आईपीआर) परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार का एक सहायता प्राप्त संस्थान है, जो मूल प्लाज़्मा भौतिकी, चुंबकीय परिसीमित संलयन और प्लाज़्मा के औद्योगिक एवं सामाजिक उपयोगों के क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के लिए समर्पित है।

22 नवंबर 2024, बाह्य वित्त पोषित परियोजना के लिए रिसर्च एसोसिएट (आरए) के पद के लिए एक वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा।

पद का नाम	पद की संख्या	आवश्यक योग्यता
रिसर्च एसोसिएट (RA)	01	मैकेनिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी

आवश्यक अनुभव: पीएचडी के बाद न्यूनतम 01 (एक) वर्ष के लिए क्रायोजेनिक्स/क्रायोपंप/क्रायोकूलर से संबंधित अनुसंधान कार्य का अनुभव।

कार्य का स्वरूप: कार्य के अंतर्गत क्रायोजेनिक्स/क्रायोपंप/क्रायोकूलर पर प्रयोग करना शामिल है। जारी विकास परियोजनाओं में सहभागिता भी कार्य में शामिल है।

नियुक्ति का कार्यकाल: उपर्युक्त पद अस्थायी है। प्रारंभ में नियुक्ति 01 (एक) वर्ष के लिए है। कार्यकाल को और 01 (एक) वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है या परियोजना के साथ समाप्त किया जा सकता है, जो भी पहले हो।

चयन प्रक्रिया: चयन पूरी तरह से वॉक-इन-इंटरव्यू में प्रदर्शन के आधार पर होगा।

आयु सीमा: वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि के अनुसार ऊपरी आयु सीमा 40 वर्ष है (आयु में छूट भारत सरकार के आदेशों के अनुसार स्वीकार्य है)।

पारिश्रमिक: रिसर्च एसोसिएट को मासिक फेलोशिप का भुगतान, पऊवि के मौजूदा कार्यालय ज्ञापन सं.10/1(21)/2014/फेलोशिप/आर एंड डी-II/14812 दिनांक 9 नवंबर, 2023 के अनुसार या समय-समय पर पऊवि द्वारा अनुशंसित के अनुसार किया जाएगा। अन्य नियम एवं शर्तें भी पऊवि के उक्त का.ज्ञा के अनुसार होंगी। आईपीआर सीएचएसएस चिकित्सा सुविधा कवरेज केवल स्वयं के लिए होगा और इस सुविधा के लिए आईपीआर सीएचएसएस नियमों के अनुसार वेतन से हर महीने आवश्यक कटौती की जाएगी।

RA-I: रु. 58,000/- प्रति माह प्लस एचआरए
RA-II: रु. 61,000/- प्रति माह प्लस एचआरए
RA-III: रु. 67,000/- प्रति माह प्लस एचआरए

टिप्पणी:

रिसर्च एसोसिएट्स का **पारिश्रमिक** उसकी योग्यता और अनुभव के आधार पर ऊपर बताए अनुसार 3 फ़ेलोशिप में से एक पर तय किया जाएगा। RA को किस स्तर पर रखा जाएगा, इसका निर्णय साक्षात्कार समिति द्वारा निम्नलिखित के आधार पर किया जाएगा:

i) पीएचडी थीसिस की गुणवत्ता
ii) पीएचडी के बाद के प्रकाशनों और/या डिज़ाइन और विकसित किए गए उत्पादों/प्रक्रियाओं की गुणवत्ता से प्रमाणित अनुसंधान अनुभव
iii) चयन साक्षात्कार में प्रदर्शन

सामान्य निर्देश:

a) इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे **प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान, इंदिरा ब्रिज के पास, भाट, गांधीनगर-382 428, गुजरात** में **22 नवंबर, 2024 को सुबह 9:00 बजे** सरकार द्वारा स्वीकृत फोटो पहचान पत्र के साथ साक्षात्कार के लिए रिपोर्ट करें।

b) उम्मीदवार को संलग्न निर्धारित प्रारूप में अपना बायोडाटा और उस पर नवीनतम पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो चिपकाकर लाना होगा। स्वप्रमाणित दस्तावेजों जैसे मार्कशीट, डिग्री प्रमाणपत्र, जन्मतिथि का प्रमाण (D.O.B) और अन्य संबंधित दस्तावेजों की प्रतियां संलग्न की जानी चाहिए।

केवल निम्नलिखित प्रमाणपत्र/दस्तावेज जन्मतिथि के प्रमाण के रूप में स्वीकार्य हैं। (कोई एक):

i. जन्मतिथि जैसा कि जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है।

ii. माध्यमिक विद्यालय छोड़ने का प्रमाणपत्र (SSLC)।

iii. मैट्रिक/माध्यमिक विद्यालय प्रमाण पत्र जिसमें जन्मतिथि अंकित हो।

c) उम्मीदवारों को सत्यापन/जांच के लिए अपने सभी मूल दस्तावेज भी लाने होंगे।

d) सुबह 10:00 बजे के बाद पहुंचने वाले उम्मीदवारों के साक्षात्कार के लिए विचार नहीं किया जाएगा और उनके आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

e) साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए उम्मीदवारों को **कोई टीए/डीए का** भुगतान **नहीं** किया जाएगा।

आईपीआर को बिना कोई कारण बताए इस विज्ञापन को रद्द करने का अधिकार है और निदेशक-आईपीआर द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

कार्यवाहक मुख्य प्रशासनिक अधिकारी

<u>ध्यान दें:</u>

यदि 10 से अधिक उम्मीदवारों से प्रतिक्रिया प्राप्त होती है, तो साक्षात्कार के लिए बी.ई./बी.टेक या समकक्ष स्तर के उम्मीदवारों को प्राप्त अंकों के प्रतिशत के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।